# ईसरदा-पांचना-जगर लिंकिंग परियोजना को मिली स्वीकृति

■ 84 हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी रामसेतु लिंक परियोजना के तहत ईसरदा-पांचना-जगर लिंकिंग परियोजना को मंजूरी मिल गई है

**हिण्डौन सिटी** (निसं)। पूर्वी राजस्थान की जल-संकट से जूझ रही जनता के लिए राहत भरी खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 84 हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी रामसेतु लिंक परियोजना के तहत ईसरदा-पांचना-जगर लिंकिंग परियोजना को मंजूरी मिल गई है। करीब 2500 करोड़ रुपये की इस परियोजना का संवेदक से एग्रीमेंट भी साइन हो गया है। बुधवार को हिण्डौन सिटी में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से सबसे पहले हिण्डौन सिटी सहित पूरे करौली जिले और भरतपुर जिले के लाखों किसानों व नागरिकों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। पाठक ने बताया कि ईसरदा बांध (जिसकी सतह का स्तर 262 मीटर है) से पानी पांच नदियों में से एक नदी के माध्यम से पांचना बांध तक लाया जाएगा। इसके बाद यह पानी गंभीर नदी में और फिर नहर के जरिए जगर बांध तक पहुंचेगा। इससे पांचना बांध, गंभीर नदी और जगर बांध में साल भर पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि हिण्डौन के चौबीसा क्षेत्र के किसान पिछले कई वर्षों से चंबल-पांचना-जगर परियोजना के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने कभी बजट स्वीकृत नहीं किया। अब मोदी और भजनलाल सरकार ने किसानों-असली जनता की पीड़ा देखते हुए 84 हजार करोड़ की रामसेतु लिंक परियोजना को मंजूरी दी है। डूंगरी बांध के विरोध पर तंज कसते हुए अशोक पाठक ने कहा कि कांग्रेस के नेता जानते हैं कि यदि यह योजना पूरी हुई तो प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा की लोकप्रियता और बढ़ जाएगी। इसलिए वे जनता को गुमराह कर रहे हैं और बांध-नहर के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण का डर दिखा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि इस महायोजना का पूर्ण समर्थन करें और विपक्ष के भ्रमजाल में न फंसें।

## सार-समाचार

### सेवा वितरण सप्ताह आज से

**करौली ( निंसं. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंतीलाल मीणा ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिले में 28 नवंबर 2025 से सेवा वितरण सप्ताह चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पुरुष नसबंदी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मोबिलाइजेशन सप्ताह के अंतर्गत पुरुष नसबंदी के बारे में समाज में जागरूकता लाने, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने एवं पुरुषों द्वारा पुरुष नसबंदी को स्वीकार करने हेतु प्रेरित किया गया है, सेवा वितरण सप्ताह के अंतर्गत पुरुषों की नसबंदी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस पखवाडे के दौरान स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार की अवधारणा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ सतीश चंद मीणा ने बताया कि गुरुवार तक आयोजित मोबिलाइजेशन सप्ताह के अंतर्गत जिले में कार्यरत सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने क्षेत्र के योग्य दंपतियों से संपर्क कर पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों की जानकारी, परिवार सीमित रखने, सीमित परिवार के लाभों, प्रसव पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं, गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं, विवाह की सही आयु, विवाह के पश्चात कम से कम 2 वर्ष बाद पहला बच्चा, दो बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतर रखने के प्रति जन जागृति हेतु वातावरण निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि आयोजित मोबिलाइजेशन सप्ताह के अंतर्गत एएनएम और आशा सहयोगिनी के द्वारा अपने क्षेत्र के योग्य दंपतियों को पुरुष गर्भनिरोधक साधनों के लिए संवेदीकरण, चिन्हीकरण एवं पंजीकरण किया गया, उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी 28 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित सेवा वितरण सप्ताह में चिन्हित पुरुषों को पुरुष नसबंदी की सेवाएं प्रदान की जाएगी।

### विधिक चेतना समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**करौली ( निंसं. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली के गठित विधिक चेतना समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 1 दिसम्बर को एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने एवं स्थायी लोक अदालत अभियान व राष्ट्रीय लोक अदालत तथा नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया।

### महात्मा फुले की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी आज

**करौली ( निंसं. )।** महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा फुले का योगदान विषय पर आज शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में आज शुक्रवार प्रातः 11 बजे संस्थान के छात्रावास परिसर स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित होगा।संस्थान के सचिव रामगोपाल माली ने बताया कि संगोष्ठी में शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा फुले के नवाचारों और सामाजिक सुधारों पर विशेषज्ञ विचार रखेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों, विद्यार्थियों व समाजजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### भाजपा का युवा सम्मेलन आयोजित

**करौली ( निंसं. )।** भारतीय जनता पार्टी का भवंर विलास विलास पैलेस करौली में युवा सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश सलोत्री ने बताया किआत्मनिर्भर भारत हमारा संकल्प हमारा भविष्य के तहत गुरुवार को दोपहर युवा सम्मेलन हस्ताक्षर अभियान के कार्यक्रम का आगाज हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर, वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के द्वारा की गई भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, सुरेश शुक्ला, रूप सिंह मीणा, दिलीप गुप्ता, लाल गुर्जर ,पुष्पेंद्र बंसल,शिबू राम मीणा ,गोपाल गुर्जर, चंद्रकला मीणा, तेज़ सिंह जमालपुर,उत्तम सिंह जादौन, आशुतोष तिवारी, रामेंद्र जादोन, नमो नारायण मीणा, उत्तम सिंह जादौन, सत्यनारायण शर्मा, मुकेश सोनी, तेजेंद्र सिंह, गोपाल शर्मा, योगेंद्र सिंघल,विधा वैष्णव , अमीत पारिक, सुमित भट्ट,अमर सिंह,आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के संयोजक गजानंद शर्मा, जितेन्द्र सिंह, आदित्य शर्मा, बालकृष्ण पंनवरिया, शिव गणेश, आरती बैंसला, प्रवेश जाटव,माया देवी, मनोज सिंह जादौन, विक्की शर्मा,कपलेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने भी लिया भाग।

### प्रेमसिंह प्रजापत प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में सचिव नियुक्त

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के निर्देशानुसार एवं पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक के अनुमोदन पर भरतपुर शहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमसिंह प्रजापत को प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव बनाए जाने पर उनका स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रेमसिंह प्रजापत का हर्षोंल्लास के साथ माला साफा पहनाकर एवं मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर दयाचंद पचौरी ने कहा प्रदेश में पर्यावरण के लिए बढ़चढकर सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश पदयात्री, चंद्रकांत शर्मा, शहर महासचिव अमित गौरावर, नदीम मलिक, गजराज फौजदार, राहुल सिंह, इंदुशेखर शर्मा, कमल सिंह, आशीष राजपूत, लवकुश बराखुर, तरुण प्रजापति, आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### समाज विशेष को लेकर की गई अभ्रद टिप्पणी पर जताया आक्रोश

**गंगापुर सिटा( निसं )।** अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राहमण समाज की बेटियों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर समाज में गहरा आक्रोश है। इस टिप्पणी के विरोध में विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन एक-डी के पदाधिकारियों ने उप जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन तहसील अध्यक्ष राकेश जैमिनी की उपस्थिति में दिया गया। इसमें अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है । पदाधिकारियों ने कहा कि यह अभद्र टिप्पणी समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है और किसी भी सूरत में माफी लायक नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद पाराशर, तलावड़ा तहसील अध्यक्ष शिवचरण शर्मा 'अन्ना', युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा और संरक्षक युगल किशोर चतुर्वेदी सहित अनेक ब्राह्मणजन उपस्थित रहे।

### भामाशाह के सहयोग से बच्चो को बांटी जर्सी

**गंगापुर सिटा( निसं )।** राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल अहमदपुर अलीगंज में भामाशाह विनोद कुमार गर्ग ने कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को जर्सी और टोपियां वितरित कीं। विनोद गर्ग खारी बाजार के निवासी हैं और वर्तमान में कैलिफोर्निया, अमेरिका में रहते हैं। इस वितरण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान गोयल, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि शाहिद खान, सतीश घुरैया, शकुंतला देवी सहित ग्राम के क गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विद्यार्थियों को गर्म कपड़े सौंपते हुए अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान गोयल ने इसे समाजसेवा की उत्कृष्ट पहल बताया। कपड़े पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। स्कूल प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार शर्मा ने भामाशाह विनोद गर्ग और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। स्कूल के कार्मिक सतीश चंद्र गुप्ता की प्रेरणा से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों और ग्रामवासियों की मौजूदगी भी उल्लेखनीय रही।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया निराकरण

**डीग भरतपुर ( निस )।** डीग के फौजी रेस्टोरेंट के सभागार में गुरुवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार चोहान की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक कल्याण एवं समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कर्नल चौहान जिला पूर्व सैनिको और वीरांगनाओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका समाधान किया। कर्नल चौहान ने पूर्व सैनिकों को एजुकेशन स्व प्राइम मिनिस्टर स्कॉलरशिप स्कीम, मैरिज ग्रांन्ट, पैन्युरी ग्रांन्ट व ई.सी.एच.एस. फेसिलिटी योजना एवं पेंशन सम्बन्धी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सैनिक/विधवा पहचान पत्र, विद्युत कनेक्शन प्रमाण पत्र, आश्रित प्रमाण पत्र जारी किये गए। कर्नल चोहान ने सभी पूर्व सैनिकों को बैंक में ज्वाइंट एकाउण्ट खुलवाने के लिये प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक का आयोजन

■ लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से भी किया जाएगा

**करौली ( निंसं. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली श्रीमती माधवी दिनकर के निर्देषन में 21 दिसंबर को करौली जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों, समस्त राजस्व न्यायालयों, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग करौली एवं श्रम विभाग करौली में सभी प्रकृति के लंबित व प्री-लिटिगेषन विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी ने बताया कि आयोजित होने वाली चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड करौली, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, जिला मुख्यालय करौली पर स्थित समस्त बैंक मैनेजर्स एवं लीड बैंक मैनेजर के गुरुवार को स्वयं की अध्यक्षता में अवकाशागार में बैठक रखी गई।

बैठक में उपस्थित सभी बैंक मैनेजर्स को निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी बैंक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत के बैनर लगवाये जावे तथा टेम्पू पर लाउड स्पीकर लगाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जावे। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत किसी विषय विशेष के प्रकरणों के लिए सीमित न होकर सभी प्रकार के उपयुक्त प्रकरणों के लिए आयोजित की जावेगी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिवक्ता व पक्षकारान बढ चढ कर भाग ले रहे है तथा पक्षकारों में समझाईश/ प्री-काउंसलिंग की जा रही है। लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित प्रकरणों में पूर्व में अदा किये गये न्याय शुल्क की वापसी का भी प्रावधान है।

साथ ही लोक अदालत के मार्फत निर्णित मुकदमों में अपील वर्जित होने से प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण हो जाता है। लोक अदालत में विवाद का निस्तारण बिना किसी दबाब के, आपसी बातचीत, समझौते व राजीनामे के द्वारा शीघ्र व त्वरित गति से निर्णित होता है। लोक अदालत में प्रकरण का पक्षकारों द्वारा निस्तारण करवाने से पैसा व समय की बर्बादी दोनों से बचा जा सकता है।

## गांव में पेयजल संकट ग्रामीणों ने पानी की टंकी पर चढ़कर जताया विरोध

■ प्रधान मंत्री जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में नियमित जल सप्लाई न होने से नाराज ग्रामीणों की यह कार्रवाई प्रशासन के लिए चुनौती बन गई

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** भुसावर के बाछरेन गांव में पानी की किल्लत के चलते ग्रामीणों ने पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी और पुलिस प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर जलदाय विभाग को जल सप्लाई सुचारू करने के निर्देश दिए और युवकों को सुरक्षित नीचे उतारकर स्थिति को शांत किया। भुसावर। ग्राम पंचायत बाछरेन में पानी की गंभीर किल्लत के चलते गुरुवार को ग्रामीणों ने पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रधान मंत्री जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में नियमित जल सप्लाई न होने से नाराज ग्रामीणों की यह कार्रवाई प्रशासन के लिए चुनौती बन गई। सूचना मिलने पर भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, भुसावर पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र शर्मा, खेड़ली मोड़ थानाधिकारी राजेश कुमार कसाना और जलदाय विभाग के सहायक अभियंता शैलेंद्र सैनी तुरंत गांव बाछरेन पहुंचे।

अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि बाछरेन गांव की जल जीवन मिशन योजना के तहत जल सप्लाई को शीघ्र सुचारू किया जाए। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पानी की टंकी पर चढ़े युवकों को सुरक्षित रूप से नीचे उतारकर शांति बनाए रखी।

इस घटना ने स्थानीय प्रशासन और जलदाय विभाग के लिए पानी की आपूर्ति में सुधार और त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता को उजागर किया। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासन के तत्पर कदम से बाछरेन गांव में जल संकट का जल्द समाधान होने की उम्मीद जगी है।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक संपन्न

**करौली ( निंसं. )।** गुरुवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी बैठक करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई जिसमें राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के भरतपुर संभाग सह प्रभारी प्रोफ़ेसर रामेश्वर मूंडरी, प्रदेश सचिव उदय सिंह जाटव, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विशंभर दयाल शर्मा ,राम गिलास जाटव , करौली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राम गोपाल माली सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में मातृत्व और संस्कारों का महत्व बताया

**भरतपुर ( निस )।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में तिलक नगर स्थित राधा कृष्ण मन्दिर के समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अन्तर्गत तीसरे दिन कथा से पूर्व कलश देव व व्यास पूजन श्रद्धेय भगवान दास श्रीराम भक्त ने किया। कथा के दौरान कथा वाचक भगवान दास श्रीराम भक्त ने बताया कि बालक को जन्म देने वाली माता बालक की प्रथम गुरू होती है। सभी माताओं को देवकी की तरह तपस्वी संयमित जीवन सेवा भाव सरल स्वभाव एवं संस्कारवान होना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण की लीलाओं में परमात्म तत्व का दिव्य रूप झलकता है। कंस द्वारा कन्या वध का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कन्या भ्रूण हत्या की खुलकर आलोचना की और कहा कि कन्या भ्रूण हत्या करने वाले कंस की तरह राक्षसी प्रवृत्ति के होते हैं उन सबको कंस की तरह मृत्यु दण्ड मिलना चाहिए।

## तीन माह से फरार बीस हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नदबई भरतपुर ( निस )।** नदबई क्षेत्र में बैलारा सर्किल के समीप करीब तीन माह पहले अंग्रेजी शराब ठेका पर शराब की ओवररेट को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित के घर पर फायरिंग करने के मामलें में पुलिस ने तीन माह से फरार 20 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से गिरफ्तार ईनामी बदमाश को जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार बैलारा निवासी भरतलाल उर्फ संजूप पुत्र गोविन्दराम सिंह को नदबई-डहरा रोड स्थित चोरपीपरी से हिरासत में लिया। बाद में आरोपी को जेल भेज दिया गया।गौरतलब है कि 20 अगस्त को गांव बैलारा निवासी सरमन सिंह, बैलारा सर्किल के समीप अंग्रेजी शराब ठेका पर शराब लेने गया।

इसी दौरान ओवर रेट को लेकर सरमन सिंह व ठेका सेल्सकर्मी संजू उर्फ भरतसिंह के बीच विवाद होने पर ठेका सेल्सकर्मी ने सरमन सिंह से मारपीट शुरु कर दी।

बाद में सेल्सकर्मी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बैलारा निवासी सरमनसिंह के घर पर फायरिंग की। फायरिंग दौरान सरमन सिंह सहित उसकी पत्नी पिस्ता देवी घायल हो गई। मामलें में घायल सरमन सिंह के पुत्र संजू सिंह ने मारपीट करते हुए फायरिंग करने व अपने माता-पिता को घायल होने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया।

मामला दर्ज होने पर पुलिस ने जांच पडताल करते हुए आरोपी सन्नी उर्फ सनीदेव, सौरभ सिंह, हरवीर सिंह, बॉवी, जयप्रकाश उर्फ विट्ठू, भोला उर्फ लीलो, सचिन उर्फ रावण, विशाल उर्फ नेपाली, सतवीर सिंह उर्फ पटेल उर्फ वीर फौजदार, निशुल कुमार व अभिषेक कुमार उर्फ शूटर को गिरफ्तार किया गया। जबकि, मामलें में एक नावालिग को निरुद्ध किया गया।

## नोटिफिकेशन में सिनपिनी का नाम नहीं, गुस्साए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

■ सिनपिनी को अलग ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग को लेकर चार गांवों के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन दिया

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर जिले की सेवर पंचायत समिति के पुनर्गठन में सिनपिनी ग्राम पंचायत का नाम दिख रहा है, लेकिन ग्राम पंचायत के नोटिफिकेशन में यह नाम नहीं है। इसी कारण ग्रामीणों में बड़ा भ्रम फैल गया है कि आखिर पंचायत बनी है या नहीं। इसी भ्रम को दूर करने और सिनपिनी को अलग ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग को लेकर चार गांवों के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन दिया। 4 गांवों के ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट ततामड़, मुड़ौता, सिनपिनी और थापर गांव के लोग सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर कमर चौधरी को ज्ञापन दिया और मांग की कि सिनपिनी को अलग ग्राम पंचायत घोषित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव सभी नियम व शर्तों को पूरा करता है और प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है।

**पुनर्गठन में नाम, नोटिफिकेशन में नहीं:** ततामड़ निवासी कुंवर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने पंचायतों का पुनर्गठन किया था। उस दौरान जनता और विधायक दोनों ने प्रस्ताव भेजा था कि मुड़ौता ग्राम पंचायत से सिनपिनी को अलग किया जाए। सभी शर्तें पूरी होने के बावजूद पंचायत अलग नहीं की गई। उन्होंने कहा-जब पंचायत समिति में सिनपिनी को जोड़ा गया है, तो फिर ग्राम पंचायत के नोटिफिकेशन में नाम क्यों नहीं है? ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा कि सिनपिनी ग्राम पंचायत अलग हुई भी है या नहीं। इसी उलझन को दूर करने और आधिकारिक घोषणा की मांग को लेकर वे कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। अलग पंचायत की मांग पर अडे ग्रामीण ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया कि सिनपिनी को अलग ग्राम पंचायत घोषित किया जाए, क्योंकि प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है और गांव सभी मानकों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि जब तक स्पष्टता नहीं मिलती, ग्रामीण लगातार भ्रम की स्थिति में रहेंगे।

## सार-समाचार

### ठंडी हवाओ के चलने से अब सर्दी पकडने लगी है जोर

**गंगापुर सिटी( निसं )।** सुबह हल्की ठंडी हवाओ के चलने व हल्की धुंध के छाने के कारण लोगों को सुबह-सुबह सर्दी का एहसास हुआ। बुधवार को उपखण्ड मुख्यालय पर सुबह शाम ठण्ड का असर रहा जिससे लोग गर्म कपडो में लिपटे हुए देखे गए। जिले में सर्द हवाओं से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यहां मंगलवार अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि यहां इस दौरान अच्छी धूप खिलने से लोगों ने दिन में सर्दी से राहत महसूस कीध मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 27 नवंबर से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस राजस्थान में एक्टिव होगा। जिसके प्रभाव से मौसम में बदलाव होगा। इस सिस्टम का असर दो दिन जयपुर, अजमेर, उदयपुर और जोधपुर संभाग एरिया में रहेगा। इस दौरान यहां हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। जिसका असर गंगापुर सिटी पर भी पड़ने से यहां तापमान में गिरावट होने कीध संभावना है। जिसके बाद यहां तेज सर्दी पडने की संभावना व्यक्त की जा रही है। गंगापुर सिटी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां सोमवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह रविवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सवाई माधोपुर में बुधवार सुबह तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

### घनी आबादी के बीच चल रहा है क्षय रोग निवारण केंद्र

**करौली ( निंसं. )।** करौली जिला मुख्यालय स्थित घनी आबादी और पुलिस प्रशासन के आवासों के बीच में जिला छय रोग निवारण अस्पताल होने से बीमारी के संक्रमण फैलने की आसंका को लेकर आसपास के लोगो के अलावा पुलिस कार्मिकों में भय व्याप्त है। चिकित्सकों के अनुसार टीवी एक छूत की बीमारी है और इसके संक्रमण फैलने से एक दूसरे में बीमारी पैदा होती है चिकित्सकों के अनुसार टीवी रोगी से फैलने वाले संक्रमण से बचाव की परिवार जन सहित मिलने जुलने वालों सावधानी बरतनी चाहिए इस छूत की बीमारी से बचने के लिए घनी आबादी से अस्पताल दूर होना चाहिए लेकिन यहां जिला मुख्यालय पर टीवी हॉस्पिटल घनी आबादी के बीच और पुलिसकर्मी और अधिकारी सहित आर ए सी जवानों के आवासो के बीच है जिससे संक्रमण फैलने का भय व्याप्त है। गंभीर जनक बात तो यह है कि टीवी बीमारी के गंभीर रोगियों को यहां के सामान्य चिकित्सालय में भरती कर उपचार दिया जाता है और इसी अस्पताल में अन्य बीमारियों के रोगी उपचार ले रहे हैं लेकिन नातो चिकित्सा प्रशासन ने और ना ही यहां के जनप्रतिनिधियों ने और ना ही जिला प्रशासन में इस और आज तक ध्यान नहीं दिया है जबकि टीवी अस्पताल घनी आबादी से दूर होना चाहिए लेकिन आज तक किसी ने टीवी अस्पताल की पहल नहीं की है।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर ( निस )।** विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष डॉ.सुशील पाराशर के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जिसमें आई ए एस संतोष वर्मा ने एक सामाजिक कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज की बालिकाओं के लिये अभद्र टिप्पणी की गई।जिसका वीडियो सोशियल मीडिया पर वायरल हो रहा है।श्री वर्मा ने एक जिम्मेदार अधिकारी होकर जो गैर जिम्मेदार बयान देकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है।ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे अधिकारी का पद पर बने रहने का कोई अर्थ नहीं है।विप्र फाउंडेशन व विभिन्न सामाजिक संगठन महामहिम राष्ट्रपति महोदय से पुरजोर मांग करते हैं कि श्री वर्मा को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर सख्त से सख्त करवाई की जावे।इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ,विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, समताआन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, प्रदेश सचिव दयाचंद पचौरी,पेनशनर समाज के जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा, सचिव मोहन सिंह पाराशर,समता आंदोलन के सहसचिव अशोक कुमार सारस, राजस्थान रोडवेज संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद जघीना,सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्‌गल, समाज सेवी रामेश्वर दयाल अमीन,अन्न पूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंदुशेखर शर्मा, देवाशीष भारद्वाज, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता पवन पाराशर आदि अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

## भरतपुर में कुश्ती को बढ़ावा

## भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड ने वायुभक्ष आश्रम को दिया आधुनिक कुश्ती मैट

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड ने अपने सी.एस.आर फण्ड से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध खेल कुश्ती को बढ़ावा देने के उदयेश्य से वायुभक्ष आश्रम भैरवनाथ अखाडा, काली की बगीची, भरतपुर के लिए कुश्ती मैट उपलब्ध कराई हैं।

भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश सक्सेना ने बताया कि भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड सामाजिक कार्यों से जुडा रहा है और अपनी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, खेल और सामाजिक कार्यों में सदैव बढ चढ कर हिस्सा लेता रहा है।

उन्होंने बताया कि वायुभक्ष आश्रम में कुश्ती मैट उपलब्ध करवाने से इस खेल में रूचि रखने वाले युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा और युवा अपनी प्रतिभा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकेंगे। इस मौके पर सीओओ आकाश सक्सेना के आलावा भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह, एचआर अजय परमार, सियाराम पहलवान, बबुआ पहलवान, बबलू पीटीआई मेघश्याम पार्षद, धर्म सिंह सरपंच, धम्मू पहलवान, शेरा पहलवान, राजू पहलवान, सत्तो पहलवान, केदार पहलवान और मंत्री पहलवान सहित अन्य पहलवान मौजूद रहे। इस मौके पर सभी पहलवानों ने भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के सभी अधिकारीयों का माला व साफा पहना कर स्वागत सत्कार किया एवं मैट उपलब्ध करवाने हेतु आभार प्रकट किया।

## गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप ने मरीजो को बांटे फल

**गंगापुर सिटी( निसं )।** गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप ने अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा के सहयोग से राजकीय अस्पताल गंगापुर सिटी में मरीजों को फल वितरित किए। इस सेवा कार्य के दौरान ग्रुप के सभी सदस्यों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को फल प्रदान किए। उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। फल वितरण कार्यक्रम में सुरेश चंद्र गुप्ता, विष्णु कुमार जिंदल, दामोदर लाल एडवोकेट, ओमप्रकाश गुप्ता, महेश चंद शर्मा, रामदयाल, कैलाश चंद महस्वा, गिर्राज प्रसाद, जगदीश गुप्ता, घनश्याम बरिया, कैलाश बीएसएनएल, भगवान सहाय बजाज, नवल बरिया, मदन मोहन शर्मा और आशीष शर्मा सहित क सदस्य मौजूद रहे। ग्रुप के संरक्षक सुरेशचंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर आयोजक परिवार और सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक व विद्यार्थियो का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी( निसं ) ।** भारत विकास परिषद की कुशालगढ़ शाखा द्वारा गुरुवार को एक निजी विद्यालय में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि संस्थाप्रधान केशव कुमार गौतम और परिषद पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

प्रांतीय संयुक्त सचिव सुरेंद्र मित्तल ने गुरु वंदन की भारतीय परंपरा और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा- गुरुओं के आशीर्वाद से ही शिष्य सफलता और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चि देकर सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों को स्मृति चि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम प्रभारी गोविंद बंसल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी में सम्मान, संस्कार और प्रेरणा की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन, सचिव आनंद पगोरिया, संस्कार प्रभारी कपिल गौतम, जगदीश हेमनानी, अनुराग शर्मा, राजेश गुप्ता सहित परिषद के क सदस्य उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैं देवेन्द्र महावर पुत्र श्री तारा चन्द महावर नि. वार्ड नं. 24, डेम्प रोड, पीलू पाडा, हिण्डौन सिटी करौली राजस्थान का रहने वाला हूं यह है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जन आधार कार्ड कुछ दस्तावेजों मे मेरा नाम देवेन्द्र महावर दर्ज हो रखा है जो कि सही एवं सत्य है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम राजू दर्ज है जो कि गलत अंकित हो गया है। यह है कि मेरे आधार कार्ड में राजू के स्थान पर देवेन्द्र महावर परिवर्तन करवाना चाहता हूँ। भविष्य में मेरे को देवेन्द्र महावर के नाम से जाना व पहचाना जावें।